RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (07 दिसंबर)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-december-07

सशस्त्र सेना झंडा दिवस: हर साल 7 दिसंबर को भारत में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 7 दिसंबर, 1949 को मनाया गया था। यह दिवस को भारतीय सैनिकों, जल सैनिकों तथा वायुसैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है। झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण के लिये लोगों से धन जुटाया जाता है तथा इस धन का उपयोग सेवारत सैन्य कर्मियों और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है।

सर्वश्रेष्ठ थानों की सूची: गृहमंत्रालय ने देश में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 10 पुलिस थानों की सूची जारी की है। इस सूची में अंडमान निकोबार द्वीप समूह का अबरडीन पुलिस थाना संपत्ति विवाद, महिलाओं और कमज़ोर वर्ग के लोगों के खिलाफ अपराध से निपटने के मामलों में पहले स्थान पर है। देश में हज़ारों पुलिस थानों में से चयनित अधिकांश थाने छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों में स्थित हैं। देश के 15 हज़ार पाँच सौ पुलिस थानों में से 10 पुलिस थानों की रैंकिंग डाटा विश्लेषण, प्रत्यक्ष निरीक्षण और जनता के फीडबैक के आधार पर की गई है।

चयनित थानों की सूची

रैंकिंग	थाना	जिला	राज्य
1.	अबेरदीन	अंडमान	अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह
2.	बालासिनोर	माहीसागर	गुजरात
3.	एजेके बुरहानपुर	बुरहानपुर	मध्य प्रदेश
4.	एडब्ल्यूपीएस थेनी	थेनी	तमिलनाडु
5.	अनिनि	दिबांग घाटी	अरुणाचल प्रदेश
6.	बाबा हरिदास नगर, द्वारका	दक्षिण-पश्चिम ज़िला	दिल्ली
7.	बकानी	झालावाड़	राजस्थान
8.	चोप्पाडंडी(एम)	करीमनगर	तेलंगाना

9.	बिकोलीम	उत्तर गोवा	गोवा
10.	बरगावा	शिवपुर	मध्य प्रदेश

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में गुजरात के कच्छ में पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह निर्देश दिया था कि फीडबैक के आधार पर थानों की ग्रेडिंग और उनके कार्य के आकलन के लिये मानक तैयार किये जाने चाहिये।

रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई सुविधा: भारतीय रेलवे अब तक देश के 5500 स्टेशनों पर निशुल्क वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करा चुका है। झारखंड का महुआमिलान रेलवे स्टेशन यह सुविधा पाने वाला देश का पाँच हज़ार पाँच सौवाँ स्टेशन बन गया है। रेलवे स्टेशनों पर यह निःशुल्क सुविधा रेल वायर के माध्यम से दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने नि:शुल्क वाई-फाई सेवा की शुरुआत जनवरी 2016 में मुंबई सेंट्रल स्टेशन से की थी। रेलवे स्टेशनों को डिजिटल रूप से सुविधायुक्त केंद्र बनाने की ज़िम्मेदारी रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के मिनी रत्न उद्यम रेलटेल को सौंपी गई है।

तटीय संरक्षण उपायों के लिये दिशा-निर्देश: पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तटवर्ती इलाकों में भौगोलिक क्षेत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का आकलन करने के लिये एक निर्णायिक व्यवस्था विकसित करने पर काम कर रहा है। जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय तट संरक्षण कार्यनीति के साथ-साथ तटीय संरक्षण उपायों के लिये दिशा-निर्देश तैयार किये गए हैं जो सभी तटवर्ती राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होंगे।

8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत फोटो प्रभाग, प्रेस सूचना ब्यूरो ने 8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कारों के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित की हैं। फोटो प्रभाग हर साल फोटोग्राफी के माध्यम से कला, संस्कृति, विकास, विरासत, इतिहास, जीवन, लोक, समाज और परंपरा जैसे देश के विभिन्न पहलुओं को बढ़ावा देने के लिये और पेशेवर और एमेच्योर (Amateur) फोटोग्राफरों को प्रोत्साहित करने के लिये ये पुरस्कार प्रदान करता है।

राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते है:

1. लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड: इस पुरस्कार के तहत 3,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
2. **व्यावसायिक फोटोग्राफ़रों के लिये पुरस्कार:** व्यावसायिक श्रेणी के तहत एक ‘प्रोफेशनल फोटोग्राफर ऑफ द ईयर’ पुरस्कार (1,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार) तथा पाँच विशेष उल्लेख पुरस्कार (प्रत्येक को 50,000 रुपए नकद) दिये जाते हैं। व्यावसायिक फोटोग्राफरों के लिये इस वर्ष की थीम **'जीवन और जल'** है।
3. **एमेच्योर फ़ोटोग्राफ़र के लिये पुरस्कार:** इस श्रेणी के तहत एक ‘एमेच्योर फोटोग्राफर ऑफ द ईयर’ पुरस्कार (75,000 रुपए के नकद) और पाँच विशेष उल्लेख पुरस्कार (प्रत्येक को 30,000 रुपए नकद) दिये जाते हैं। एमेच्योर फोटोग्राफरों के लिये इस वर्ष की थीम **'भारत की सांस्कृतिक विरासत'** है।